**भारत सरकार**

**सहकारिता मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 321**

**01 दिसम्बर, 2021 को उत्तरार्थ**

**विषय: नई सहकारी नीति**

**321. श्री परिमल नथवानी:**

**क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार ने देश में एक नई सहकारी नीति का मसौदा तैयार करने के लिए कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार इस नई नीति के माध्यम से यह सुनिश्चित करने के लिए क्या-क्या बदलाव करने की इच्छा रखती है कि वर्तमान में सहकारी क्षेत्र तकनीकी और वित्तीय प्रगति में परिवर्तन के अनुकूल हो?

**<u>उत्तर</u>**

**<u>सहकारिता राज्य मंत्री (श्री बी. एल. वर्मा)</u>**

**(क):** जी हाँ।

**(ख) एवं (ग) :** सरकार ने केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों, नाबार्ड, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) और अन्य देश भर की प्रमुख सहकारी संस्थाओ से नई सहकारी नीति तैयार करने के लिए सुझाव मांगे हैं। इसके बाद सुझावों पर विचार कर के मसौदा बनाया जाएगा। यह प्रत्याशित है कि नई नीति सरकार के “सहकार से समृद्धि” विज़न के अनुरूप हो।

****